हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, शनिवार, 29 मार्च 2025

### रमज़ानुल मुबारक
## मग़फ़िरत में रुकावट वाले उमूर से तौबा

शबे क़द्र बहुत ही बा बरकत और अज़ीम रात है लेकिन कुछ ऐसे भी बद क़िस्मत लोग होते हैं जो इस रात की बरकत और बिल ख़ुसूस सबसे अहम चीज़ मग़फिरते ख़ुदावन्दी से महरूम रह जाते हैं, वे कौन लोग हैं ? कई हदीसों में उनकी निशानदेही की गई है, जिनसे उन मेहरूम होने वालों के मग़फ़िरत से मेहरूम रह जाने के असबाब भी मालूम होते हैं, ऐसे असबाब और उमूर को मा'ने मग़फ़िरत उमूर कहा जाता है, जिनमे शामिल होने से हर सूरत में बचा जाए और अगर ख़ुदा न ख़्वास्ता कोई मुब्तिला हो तो फ़ौरन तौबा कर के अल्लाह तआला की तरफ़ रुजू करना चाहिए, वरना इस अज़ीम और बा बरकत रात में मग़फ़िरत हासिल न हो सकेगी। मुशरिक ( शिर्क करने वाला). क़ीना रखने वाला, वालिदैन की नाफ़रमानी करने वाला, क़ता रहमी करने वाला (रिश्ते तोड़नेवाला), इज़ार टख़नों से नीचे लटकाने वाला (यानी लुंगी , पाजामा , पेंट को टख़नों से नीचे लटका कर रखने वाला), शराब का आदी, क़ातिल और ज़ानी ।

# भांडेवाड़ी डंपिंग यार्ड में 21 एकड़ अतिरिक्त भूमि मुक्त कराई जाएगी

**नागपुर.**

नागपुर नगर निगम भांडेवाड़ी डंपिंग यार्ड में कचरे के निपटान के लिए एक बायोमाइनिंग परियोजना को क्रियान्वित कर रहा है । इस परियोजना के माध्यम से भांडेवाड़ी में कचरे से भरी 55 एकड़ भूमि को साफ किया गया। इस वर्ष 21 एकड़ अतिरिक्त भूमि साफ की जाएगी।

जैव-खनन परियोजना के कारण भांडेवाड़ी में कुल 76 एकड़ भूमि मुक्त हो जाएगी। नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने हाल ही में 2025-2026 का बजट पेश किया ।

इसमें उन्होंने एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण परियोजना के माध्यम से कचरे का निपटान करके भांडेवाड़ी डंपिंग यार्ड में जगह खाली करने का संकल्प व्यक्त किया।

### 1 मिलियन टन कचरे का निपटान करना होगा



**बायोमाइनिंग परियोजना के तहत कचरे का निपटान**

महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मंजूरी के अनुसार, नागपुर के भांडेवाड़ी में अपशिष्ट डंपिंग और अपशिष्ट प्रसंस्करण के लिए एक स्थल की पहचान की गई है । नागपुर नगर निगम द्वारा भांडेवाड़ी डंपिंग यार्ड में एक बायोमाइनिंग परियोजना क्रियान्वित की जा रही है, ताकि शहर का सारा कचरा एकत्र कर उसका वैज्ञानिक तरीके से निपटान किया जा सके तथा क्षेत्र को स्वच्छ और मुक्त रखा जा सके । भांडेवाड़ी बिडगांव रोड पर 55 एकड़ का स्थल 2019 तक पूरी तरह से कचरे से भर गया था, जिसमें 20 लाख मीट्रिक टन अनुपचारित कचरा था। नागपुर नगर निगम ने अपने खर्च पर इस कचरे पर जैव-खनन परियोजना लागू की और पूरी 55 एकड़ भूमि को साफ कर दिया। नगर निगम अब भांडेवाड़ी में कई वर्षों से जमा 10.5 लाख टन कचरे का निपटान कर 21 एकड़ भूमि को मुक्त कराएगा। नगर निगम का लक्ष्य वर्ष 2026 तक यह कार्य पूरा करना है।

### 55 एकड़ भूमि पर पर्यावरण परियोजनाएं

नागपुर नगर निगम द्वारा पहले खाली की गई 55 एकड़ भूमि पर विभिन्न पर्यावरण परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं । जैसे निर्माण एवं विध्वंस ( सीएंडडी) अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र , अपशिष्ट से ऊर्जा के अंतर्गत 1000 मीट्रिक टन प्रतिदिन सीबीजी संयंत्र की स्थापना , एसएलएफ का निर्माण , मियावाकी पर्यावरण परियोजना आदि , इनमें से कुछ परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं तथा शेष परियोजनाओं का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है तथा उनके लिए स्थान सुरक्षित कर लिया गया है । खाली कराई गई 55 एकड़ भूमि में से 30 एकड़ भूमि ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण के लिए आवंटित की गई है । 5 एकड़ भूमि पर सी एंड डी अपशिष्ट प्रसंस्करण परियोजना चल रही है । 1800 वर्ग . मैं । यह स्थान मृत पशुओं के दाह संस्कार के लिए आरक्षित किया गया है। शेष 3 एकड़ में से , एक कब्रिस्तान और पशु आश्रय स्थल के साथ-साथ प्रसंस्करण और आंतरिक सड़कों का निर्माण प्रस्तावित किया गया है ।




बीसीएन, बीटीपी, और नागपुर मेट्रो समाचार के कार्यालय में हुआ इफ़्तार पार्टी का आयोजन

## 30,000 की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा गया एएसआई

**नागपुर.**

शहर में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी ) की टीम ने गुरुवार की रात एमआईडीसी थाना परिसर में एक सहायक पुलिस उपनिरीक्षक (एएसआई ) को 30,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रविंद्र मनोहर साखरे (उम्र 54, निवासी वानाडोंगरी) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, शिकायतकर्ता एक 31 वर्षीय डॉक्टर है, जिसके खिलाफ एमआईडीसी थाने में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की गई थी। इस मामले की प्राथमिक जांच की जिम्मेदारी एएसआई साखरे को सौंपी गई थी। जांच के नाम पर साखरे ने डॉक्टर को थाने बुलाकर केस दर्ज न करने और गिरफ्तारी से बचाने के एवज में 30,000 रुपये की रिश्वत मांगी। शिकायतकर्ता ने जब पैसे देने से इंकार किया, तो साखरे ने उस पर दबाव बनाते हुए गिरफ्तारी की धमकी तक दे डाली। परेशान होकर डॉक्टर ने बुधवार को एसीबी से संपर्क किया।

# जीटी एक्सप्रेस में पकड़ी गई विदेशी शराब

### एक यात्री हिरासत में

**नागपुर.**

मध्य रेल नागपुर के रेलवे सुरक्षा बल ने दिल्ली से चेन्नई जा रही ट्रेन 12616 जीटी एक्सप्रेस में बड़ी कार्रवाई करते हुए स्लीपर कोच से 20 बोतल विदेशी शराब बरामद की है। पकड़ी गई शराब की कुल कीमत लगभग ₹ 23,000 आंकी गई है। इस सिलसिले में एक यात्री को हिरासत में लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, आरपीएफ के अधिकारी जोशी, आशीष कुमार और कुपाले नियमित गश्त पर थे, तभी प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर आई जीटी एक्सप्रेस की तलाशी शुरू की गई।



जांच के दौरान एस4 कोच की बर्थ 57 के नीचे नीले और सफेद रंग का एक संदिग्ध बैग मिला। पूछताछ करने पर एक यात्री ने बैग अपना होने की बात स्वीकार की और उसमें शराब होने की जानकारी दी।

जब बैग खोला गया तो उसमें 20 विदेशी शराब की बोतलें पाई गईं। आरपीएफ ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शराब को जब्त कर यात्री को हिरासत में ले लिया। आगे की जांच और आवश्यक कार्रवाई के लिए मामला उत्पाद शुल्क (एक्साइज) विभाग को सौंप दिया गया है। यह पूरी कार्रवाई सीनियर डीएससी मनोज कुमार और आईपीएफ यादव के मार्गदर्शन में की गई।

## वक्फ संशोधन विधेयक के विरोध में मुस्लिम समाज का आंदोलन

### > आखिरी शुक्रवार को काली पट्टी बांधकर पढ़ी गई नमाज

**नागपुर.**

रमजान महीने के आखिरी शुक्रवार को शहर के मस्जिदों में आखिरी नमाज पढ़ी गई। हालांकि, इस दौरान नमजजियों ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी। केंद्र सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड में संशोधन के लिए लाये विधेयक के विरोध में लोगों ने हाथो में काली पट्टी पहनकर नमाज पढ़ी। केंद्र सरकार वक्फ संशोधन विधेयक को संसद में पारित कराकर कानून बनाने की तैयारी कर रही है। मुस्लिम समुदाय को आशंका है कि यह



विधेयक सरकार को वक्फ संपत्तियों पर अधिक नियंत्रण प्रदान करेगा। इस पृष्ठभूमि में रमजान महीने के आखिरी शुक्रवार को बड़ी संख्या में मुस्लिम मुस्लिम समुदाय के लोग जामे मस्जिद पर एकत्र हुए और अपनी बांहों पर काली पट्टियां बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया।

17 मार्च को नागपुर में हुई हिंसा के बाद मोमिनपुरा अधिक संवेदनशील हो गया है। घटना के बाद यहां बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। वक्फ संपत्ति और उसका प्रबंधन मुस्लिम समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण विषय है। इसलिए पूरे देश में इस विधेयक के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की जा रही है। नागपुर में मुस्लिम समुदाय के कई नेताओं ने सरकार से इस कानून को वापस लेने की मांग की है।

### मंदिर की दानपेटी से चोरी करते दो युवक रंगेहाथ गिरफ्तार

**नागपुर.** बजाजनगर थानाक्षेत्र में स्थित एक मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम देने की कोशिश कर रहे दो आरोपियों को पुलिस ने रंगेहाथ पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान मंथन हंसराज फुलझेले (22) और मनीष धरम बडगवानी (22) के रूप में हुई है, जो दोनों बालाजीनगर, अजनी के निवासी बताए गए हैं।

घटना दोपहर लगभग 3 बजे की है जब धनगरपुरा निवासी पंकज विलासराव मस्के (39), जिनकी दुकान मंदिर के बगल में ही है, ने मंदिर में कुछ संदिग्ध हरकतें महसूस कीं। उन्होंने सावधानीपूर्वक देखा तो दो युवक मंदिर की दानपेटी से चोरी करते दिखाई दिए।

पंकज ने सूझबूझ दिखाते हुए मंदिर का मुख्य द्वार बंद कर दिया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस की टीम कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंच गई और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने के 68 मामले दर्ज

### उपद्रव निरोधक टीम की अचानक कार्रवाई

**नागपुर.**

नागपुर नगर निगम की उपद्रव निरोधक टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर अस्वच्छता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। टीम ने शुक्रवार (28 तारीख) को 68 मामले दर्ज किए और कुल 42,800 रुपये का जुर्माना वसूला। कार्रवाई में सार्वजनिक स्थानों पर पेशाब करने, कूड़ा फेंकने, थूकने और 79 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक बैग के उपयोग करने वालों को शामिल किया गया। इसके अलावा, हाथठेले, खोमचे, ठेले, फेरीवाले और छोटे सब्जी विक्रेता अस्वच्छ स्थितियों के लिए जिम्मेदार पाए गए, उन पर 22 मामले दर्ज कर 8,800 रुपये का जुर्माना लगाया गया। सड़कों, फुटपाथों, खुले स्थानों पर कूड़ा फेंकने पर 4 मामले दर्ज कर 400 रुपये वसूले गए। इसके अलावा, मॉल्स, रेस्टोरेंट्स, लॉजिंग, होटल्स और अन्य सेवा प्रदाताओं पर भी कार्रवाई की गई, जिन पर एक मामला दर्ज कर 2,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया।यातायात वाली सड़कों पर मंडप, मेहराब, मंच आदि बनाने पर 25 मामले दर्ज कर 16,000 रुपये वसूले गए। इसके अलावा, सड़क, फुटपाथों पर वाहनों/पशुओं को धोने पर 2 मामले दर्ज कर 5,000 रुपये का जुर्माना किया गया। उपरोक्त सूची में शामिल न होने वाले अन्य उपद्रवी



व्यक्तियों पर 28 मामले दर्ज कर 5,600 रुपये का जुर्माना वसूला गया। कुल मिलाकर, 8,000 रुपये एकत्र किए गए और 1,00,000 रुपये का जुर्माना 8 मामलों में लगाया गया। यह ऑपरेशन उपद्रव जांच दल प्रमुख वीरसेन तांबे के नेतृत्व में किया गया।

**उपद्रव निरोधक दल द्वारा कार्रवाई, विभिन्न मामलों में जुर्माना वसूला गया**

उपद्रव निरोधक दल ने धरमपेठ क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाकर विभिन्न मामलों में जुर्माना वसूला। स्पेस एलीट एसोसिएट्स पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया, साथ ही सड़क पर निर्माण सामग्री डालने पर 1 लाख रुपये का जुर्माना भी किया गया।

इसके अलावा, कई अन्य व्यापारिक और निजी प्रतिष्ठानों पर भी जुर्माना लगाया गया, जिनमें सुमन ग्रुप पर 10 लाख रुपये का जुर्माना (सड़क पर निर्माण सामग्री डालने के लिए), किशोर निमजे पर 5,000 रुपये का जुर्माना (सड़क पर निर्माण सामग्री डालने पर), विध्यनवासनी रेस्टोरेंट पर 5,000 रुपये का जुर्माना (अनाधिकृत स्थान पर कचरा डालने के लिए), सुयश किंडर गार्डन एंड पब्लिक स्कूल पर 5,000 रुपये का जुर्माना (बिना अनुमति के बिजली के खंभों पर विज्ञापन बैनर लगाने पर), प्रशांत किराना पर 5,000 रुपये का जुर्माना (प्लास्टिक का उपयोग करने के लिए), इसके अलावा, एन एस एन एंटरप्राइजेज पर 2,500 रुपये का जुर्माना (प्लास्टिक के उपयोग के लिए) और पंडित पैठाणी प्रदर्शनी पर 20 लाख रुपये का जुर्माना (बिना अनुमति के बिजली के खंभों पर विज्ञापन बैनर लगाने पर) लगाया गया। मार्च माह में कुल 6 मामलों में 60,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

# अवैध रूप से हो रहा था किचन का संचालन, इमारत सील की

**नागपुर.**

दिल्ली की ठेका एजेंसी के माध्यम से रेलवे को आपूर्ति करने के लिए अवैध रूप से मेहंदीबाग के बिनाकी मंगलवारी में प्लाट क्रमांक 1965 पर संचालित वृंदावन फूड प्रॉडक्ट भोजनालय की इमारत में किचन का संचालन हो रहा था। इस मामले में मनपा आयुक्त के निर्देश पर अग्निशमन विभाग के दल ने गुरुवार को कार्रवाई कर इमारत को सील किया है। इस स्थान पर तैयार होने वाले भोजन को दिल्ली की एजेंसी के माध्यम से यात्री ट्रेनों में आपूर्ति किया जाता है।

मेहंदीबाग के बिनाकी मंगलवारी में प्लाट क्रमांक 1965 पर संचालित वृंदावन फूड प्रॉडक्ट भोजनालय का संचालन मोहननगर निवासी जाफर अब्बास कर रहे हैं। रिहायशी इलाके में बगैर अनुमति के इमारत में किचन का संचालन होने से खासी परेशानी हो रही थी। इमारत में लगातार भीड़, रास्ते पर पार्किंग, खाद्यान के वेस्ट समेत अन्य परेशानी से नागरिकों को दिक्कत हो रही थी। ऐसे में परिसर के नागरिकों ने मामले में मनपा आयुक्त को शिकायत की थी।

बुधवार की देर रात मनपा आयुक्त डॉ अभिजीत



चौधरी ने निरीक्षण कर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश प्रमुख अग्निशमन अधिकारी बी सी चंदनखेड़े को दिया था। इस पर गुरूवार की सुबह करीब 10.30 बजे सुगत नगर फायर स्टेशन प्रभारी केन्द्र अधिकारी सुनील डोकरे के नेतृत्व में मेहंदीबाग में उक्त इमारत पर दबिश की गई। इस दौरान वृंदावन फूड प्रॉडक्ट भोजनालय के रूप में अवैध रूप से संचालन पाया गया। मनपा के अग्निशमन दल के पहुंचने पर इमारत के भीतर रेलवे को आपूर्ति होने वाले भोजन और खाद्य सामग्री को तैयार करते हुए पाया। इस दौरान दल ने इमारत को सील करने से पहले कर्मचारियों को इमारत से सिलेंडर, भट्टी समेत अन्य ज्वलनशील सामग्री को निकालने की मोहलत दी।

# प्रधानमंत्री मोदी के नागपुर दौरे की सुरक्षा व्यवस्था पर बैठक

### मोदी की सुरक्षा को लेकर घंटों की रिहर्सल

**नागपुर.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को नागपुर के दौरे पर आ रहे हैं। यहां उन का शहर में केवल 5 घंटे का प्रवास निर्धारित है, लेकिन इस दौरान वे कई स्थानों पर जाएंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए नागपुर में सुरक्षा के चाकचौबंद इंतजाम किए जा रहे हैं। गुरुवार को प्रधानमंत्री की सुरक्षा में तैनात स्पेशल प्रोटेक्शन गार्ड (एसपीजी ) की टीम नागपुर पहुंची। एसपीजी अधिकारियों ने नागपुर पुलिस आयुक्त रविंद्रकुमार सिंगल, ज्वाइंट सीपी निसार तंबोली, आईजी दिलीप भुजबल, एसपी हर्ष पोद्दार सहित अन्य आला अधिकारियों के साथ बैठक की। यह बैठक कई घंटों तक चली और सुरक्षा व्यवस्था के हर पहलू पर विस्तार से चर्चा की गई।



एसपीजी टीम ने पीएम के रूट और कार्यक्रम स्थलों का मुआयना किया तथा सुरक्षा के मद्देनज़र आवश्यक सुझाव भी दिए। साथ ही, कार्यक्रम स्थलों पर किसी भी प्रकार की चूक न हो इसका विशेष खयाल रखने के निर्देश स्थानीय प्रशासन को दिए गए हैं।

इस बीच, विदर्भवादियों ने प्रधानमंत्री से मुलाकात का समय न मिलने पर नाराजगी जताई है और काले झंडे दिखाने की चेतावनी दी है। हाल ही में हुए दंगे के चलते कुछ अन्य संगठनों द्वारा भी विरोध की आशंका जताई गई है। ऐसे में शहर पुलिस किसी भी संभावित गड़बड़ी से निपटने के लिए सतर्क है।

**नागपुर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था**

पीएम के दौरे के मद्देनज़र नागपुर पुलिस के 4,000 से अधिक जवानों के साथ 1,500 होमगार्ड और SRPF की टुकड़ियां तैनात की जा रही हैं। इसके अलावा, 150 अतिरिक्त अधिकारी अन्य जिलों से बुलाए गए हैं। पीएम के रूट और कार्यक्रम स्थलों पर 'परिंदा भी पर न मार सके' ऐसी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। महानगर पालिका के शहर में चल रहे निर्माण कार्यों का मलबा तुरंत हटाने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। प्रधानमंत्री की नागपुर यात्रा को लेकर शहर में हाई अलर्ट जारी है और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है.

### आईपीएल मैच पर सट्टा लगाते दो आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.** कलमना पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर नेताजी नगर, गली नंबर 4 स्थित एक रूम पर छापा मार कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को आईपीएल मैच पर सट्टा लगाते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच चल रहे आईपीएल-2025 मुकाबले पर आरोपी सट्टेबाज़ी कर रहे थे। पकड़े गए आरोपियों के नाम अपूर्व राजकमल शर्मा (21)रविशंकर नगर, कोरबा, छत्तीसगढ़ निवासी और कोमल ननकीराम देवांगन (33) बालको, भद्रापारा, कोरबा, छत्तीसगढ़ निवासी हैं। दोनों आरोपी तिवारी के कमरे में किरायेदार के रूप में रह रहे थे। मौके से पुलिस ने तीन मोबाइल फोन, एक लैपटॉप समेत कुल 51,010 रुपये कीमत का सट्टेबाज़ी से जुड़ा सामान जब्त किया है। कलमना पुलिस थाने में महाराष्ट्र जुगार प्रतिबंधक अधिनियम की धारा 4 और 5 के तहत मामला दर्ज किया गया है।




CMYK

# कब मिलेगा जल जीवन मिशन के नल से जल?

## > कोंढाली नगरवासियों का सवाल

**कोंढाली.**



कोंढाली नगर के नागरिकों को जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल कनेक्शन की सौगात कब मिलेगी, यह बड़ा सवाल बन गया है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजना का लाभ कोंढाली के लोगों तक अभी तक नहीं पहुंच सका है। योजना लागू हुए लगभग पौने दो वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अधिकारियों और ठेकेदारों की लापरवाही के चलते अब तक हर घर को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पाया है।

सरकार की "हर घर नल, हर घर जल" योजना के तहत कोंढाली नगर के 85% क्षेत्र में पाइपलाइन तो बिछा दी गई है, लेकिन अब तक नल कनेक्शन नहीं जोड़े गए हैं। नगरवासियों का सवाल है कि जब पाइपलाइन बिछ गई है, तो पानी की आपूर्ति में देरी क्यों हो रही है? फिलहाल, कोंढाली के 3000 से अधिक घरों में पुरानी पाइपलाइन के माध्यम से ही पानी की आपूर्ति की जा रही है। लेकिन जल जीवन मिशन के तहत नई पाइपलाइन और नए कनेक्शन का लाभ नागरिकों को कब मिलेगा, इसका जवाब किसी के पास नहीं है। योजना के चलते नगर के कई हैंडपंप बंद कर दिए गए, लेकिन अब तक जल जीवन मिशन के तहत पानी की आपूर्ति शुरू नहीं होने से लोग हैंडपंप से भी वंचित हो गए हैं। इस वजह से नागरिकों को पानी के लिए और भी ज्यादा संघर्ष करना पड़ रहा है। नगरवासियों का कहना है कि वे कई बार नगर पंचायत प्रशासन से जल जीवन मिशन के तहत जल आपूर्ति शुरू करने की मांग कर चुके हैं। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

**नगर पंचायत प्रशासक का बयान**

कोंढाली नगर पंचायत के मुख्य प्रशासक धनंजय बोरीकर ने बताया कि "जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति होनी चाहिए।

साथ ही नल कनेक्शन लगाने के दौरान जो सड़कें खोदी गई हैं, उन्हें भी फिर से ठीक किया जाना चाहिए। यह योजना कोंढाली ग्राम पंचायत के समय मंजूर हुई थी और निर्माण कार्य जारी है।"

उन्होंने आगे कहा कि चूंकि कोंढाली को 21 जून को नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त हुआ है, इसलिए अब इस विषय में संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा के बाद ही सही जानकारी दी जा सकेगी। जब इस मुद्दे पर जल जीवन मिशन के अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो कोई जवाब नहीं मिला। इससे नगरवासियों की नाराजगी और बढ़ गई है।

### नगरवासियों की मांग - जल्द शुरू हो पानी की आपूर्ति

कोंढाली नगर के नागरिकों ने जल जीवन मिशन के तहत जल्द से जल्द पानी की आपूर्ति शुरू करने की मांग की है। इस मांग को प्रमुखता से उठाने वाले नागरिकों में स्वप्निल व्यास, संजय राऊत, कमलेश गुप्ता, याकूब पठाण, प्रविण गोडबोले, अंसार बेग, नितीन ठवले, आकाश गजबे, बबलु भिसे, रजा पठाण, प्रज्वल धोटे, सदाप पठाण, अफसर हुसेन और आयुष्य मान पांडे शामिल हैं।

### नागरिकों का सवाल - 'आखिर कब मिलेगा नल से जल?'

कोंढाली के नागरिकों की एक ही मांग है – उन्हें जल्द से जल्द जल जीवन मिशन का लाभ मिले और हर घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। लेकिन अब तक जल जीवन मिशन के अधिकारी और प्रशासन इस पर कोई ठोस जवाब नहीं दे रहे हैं। ऐसे में नगरवासियों का यह सवाल बना हुआ है कि – "आखिर कब मिलेगा जल जीवन मिशन के नल से जल?"

# यशवंतराव चव्हाण घरकुल योजना के तहत आवास स्वीकृति की मांग

**काटोल.**



महाराष्ट्र सरकार द्वारा शुरू की गई यशवंतराव चव्हाण घरकुल योजना का उद्देश्य विमुक्त जातियों और घुमंतू जनजातियों को स्थायी आवास उपलब्ध कराना है, ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कौन्सिल फॉर ह्यूमन राइट्स के काटोल तहसील अध्यक्ष एवं भाजपा युवा मोर्चा के नागपुर जिला सदस्य बब्लू बिसेन ने इन समुदायों के लोगों को इस योजना का लाभ देने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि नागपुर जिले के काटोल तालुका के कोंढाली, वडारपुरा, शिरमी, साईखोड और विकासनगर क्षेत्रों में रहने वाले विमुक्त जाति और घुमंतू जनजाति के परिवारों को उनका आवासीय अधिकार मिलना चाहिए। ये लोग वर्षों से अस्थायी बस्तियों में रह रहे हैं और बदलते मौसम में गर्मी, सर्दी और बारिश जैसी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। यदि इन्हें इस योजना के तहत घर उपलब्ध कराए जाएं, तो वे सम्मान के साथ जीवन जी सकेंगे। इस मांग को लेकर बब्लू बिसेन, स्वप्निल व्यास, प्रज्वल धोटे, रजा पठान, संजय गायकवाड़ और चंद्रशेखर चरडे सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी, उपविभागीय अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, तहसीलदार, डीएफओ और आरएफओ को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने मांग की है कि कोंढाजी क्षेत्र के वडारपुरा, सायखोड और पीएचसी रोड के पास रहने वाले घुमंतू जाति एवं जनजाति के परिवारों को "यशवंतराव चव्हाण घरकुल योजना" के तहत स्थायी आवास उपलब्ध कराए जाएं।

# 35 साल बाद पुरानी यादों में खोए पूर्व छात्र

**खापरखेड़ा.**



स्कूल के पुराने दोस्तों का मिलन हमेशा खास होता है, और जब यह 35 साल बाद हो, तो इसकी खुशी और भी बढ़ जाती है। महाराष्ट्र हाईस्कूल और जूनियर कॉलेज, खापरखेड़ा के 1990-92 बैच के 10वीं और 12वीं के पूर्व छात्र हाल ही में नागपुर के गुलशन प्लाजा होटल में एकत्रित हुए। इस पुनर्मिलन में सभी दोस्तों ने अपने बचपन की यादों को ताजा किया और पुरानी बातों को साझा किया।

इस खास मौके पर जिन दोस्तों की उम्र 50 साल हो चुकी थी, उनके लिए केक काटकर जश्न मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक और मनोरंजनात्मक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें शिरीष निंबालकर द्वारा प्रस्तुत कविता "जंगल में ओस की तरह" ने सभी का दिल जीत लिया। अन्य मित्रों ने भी अपने विचार साझा किए और अपने स्कूल के दिनों को याद किया। कार्यक्रम के आयोजक मनोज जामगड़े ने सभी मित्रों को एक साथ लाने में अहम भूमिका निभाई। इस मिलन समारोह में सभी ने एक-दूसरे की मदद और सहयोग करने का संकल्प लिया। इस आयोजन से यह भी एहसास हुआ कि भले ही हम कितनी भी ऊँचाइयों तक पहुँच जाएं, पुराने रिश्तों का महत्व कभी कम नहीं होता।

इस स्नेह मिलन समारोह में डॉ. माधुरी चांदेवार, डॉ. हेमलता नांदुरकर, एड. सुशीला गायकवाड, प्राध्यापिका हेमलता गोंडाने, सुनंदा मेश्राम, माधुरी भांडारकर, वनिता सोनकुवर, नरेंद्र दापूरकर, पुरुषोत्तम भड, राजाराम वाघधरे, राजेश दुगाने, शिरीष निंबालकर, श्रावण वाघ, उमेश गजभिये, विनायक लकडकर, सुरेश ठवरे, मनोज जामगडे सहित कई पूर्व छात्र शामिल हुए। इस मिलन समारोह ने न केवल पुरानी यादों को फिर से जीवंत किया बल्कि यह भी सिखाया कि जीवन में रिश्ते और दोस्ती कितनी महत्वपूर्ण होती है।

## विधायक संजय मेश्राम का महाराष्ट्र विधानसभा की दो महत्वपूर्ण समितियों में चयन

**उमरेड.**

विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय मेश्राम को महाराष्ट्र राज्य विधिमंडल की पंचायत राज समिति और अनुसूचित जाति कल्याण समिति के सदस्य पद पर चुना गया है। उनके इस चयन से उमरेड विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों में हर्ष का माहौल है। नागपुर जिले से विधायक संजय मेश्राम एकमात्र प्रतिनिधि हैं, जिन्हें इन दोनों समितियों में स्थान मिला है। महाराष्ट्र राज्य की पंचायत राज समिति में कुल 20 विधायकों, जबकि अनुसूचित जाति कल्याण समिति में 11 विधायकों का चयन हुआ है। विधायक संजय मेश्राम के इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को संभालने पर उमरेड विधानसभा क्षेत्र के सभी नागरिक, कार्यकर्ता और समर्थक उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दे रहे हैं। उनके चयन को क्षेत्र के विकास और कल्याणकारी योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# वाडी की मुख्याधिकारी ऋचा ढाबर्डे पर मौदा नगर पंचायत का अतिरिक्त भार! प्रशासनिक चुनौतियाँ बढ़ी

**सरकार के पास अधिकारियों की कमी, दो नगर का कार्यभार मिलने से प्रभावित होंगे नागरिकों के कार्य**

**वाडी.**



वाडी नगर परिषद को स्थापित हुए 10 साल हो चुके हैं, लेकिन पिछले पांच वर्षों से चुनाव न होने के कारण प्रशासन ही नगर परिषद का संचालन कर रहा है। पहले मुख्याधिकारी विजय देशमुख के बाद कामठी नगर परिषद के मुख्याधिकारी संदीप बोरकर को वाडी नगर परिषद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था। छह महीने तक इस जिम्मेदारी को संभालने के बाद अब ऋचा ढाबर्डे को वाडी नगर परिषद की मुख्याधिकारी नियुक्त किया गया। लेकिन हाल ही में उन्हें मौदा नगर पंचायत का भी अतिरिक्त चार्ज सौंप दिया गया है।

महाराष्ट्र में नगर विकास विभाग के अंतर्गत अधिकारियों और कर्मचारियों की भर्ती लंबे समय से अटकी हुई है, जिससे प्रशासनिक समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं। इसी वजह से ऋचा ढाबर्डे को वाडी नगर परिषद के साथ-साथ मौदा नगर पंचायत का भी कार्यभार सौंप दिया गया है। यह निर्णय तब लिया गया जब वे मात्र एक सप्ताह पहले ही वाडी नगर परिषद का पदभार संभाली थीं। पूर्व में वाडी नगर परिषद के मुख्याधिकारी विजय देशमुख के तबादले के बाद संदीप बोरकर ने पांच महीने तक वाडी का अतिरिक्त कार्यभार संभाला था। लेकिन अतिरिक्त पदभार के कारण वाडी नगर परिषद की प्रशासनिक गति धीमी हो गई थी और शहर कई आवश्यक विकास कार्यों से वंचित रह गया था। अब यही चुनौती ऋचा ढाबर्डे के सामने भी होगी। सरकार की भर्ती प्रक्रिया अटकी रहने से कई महत्वपूर्ण पद रिक्त पड़े हैं, और इसी कारण अधिकारियों पर अतिरिक्त जिम्मेदारियाँ डाली जा रही हैं। एक अधिकारी दो अलग-अलग नगर परिषदों के प्रशासन को कैसे संभाल पाएंगे, यह बड़ा सवाल है। वाडी और मौदा दोनों की समस्याएँ अलग-अलग हैं, और दोनों नगर परिषदों के बीच लगभग 40 किलोमीटर की दूरी है। दोनों को सुचारू रूप से प्रबंधित करना किसी भी अधिकारी के लिए एक कठिन कार्य होगा। ऋचा ढाबर्डे को इन दोनों नगर परिषदों के कार्यों का समन्वय करना होगा, जो प्रशासनिक कुशलता की एक बड़ी परीक्षा होगी। नगर विकास विभाग की भर्ती करीब दो वर्षों से लंबित है, जिससे नगर प्रशासन में अधिकारियों की भारी कमी बनी हुई है। यदि सरकार जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं करती, तो कई और अधिकारियों पर अतिरिक्त जिम्मेदारियाँ बढ़ सकती हैं, जिससे प्रशासनिक कार्यों की गति धीमी हो सकती है। वाडी और मौदा के नागरिकों का कहना है कि पहले से ही एक नगर का प्रशासन संभालना कठिन होता है। अब एक ही अधिकारी को दो जगहों की जिम्मेदारी सौंपने से प्रशासनिक कामकाज पर असर पड़ सकता है। कर्मचारियों का भी मानना है कि जब तक नए अधिकारी नियुक्त नहीं होते, तब तक प्रशासन की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

### सरकार से मांग – जल्द हो भर्ती प्रक्रिया

नगर विकास विभाग को चाहिए कि लंबित भर्ती प्रक्रिया को जल्द पूरा करे, ताकि अधिकारियों और कर्मचारियों पर काम का दबाव न बढ़े और नागरिकों को सुचारू प्रशासन मिल सके। वाडी और मौदा दोनों को स्वतंत्र रूप से अपना प्रशासन चलाने के लिए अलग-अलग मुख्याधिकारी मिलना जरूरी है। अब देखने वाली बात होगी कि ऋचा ढाबर्डे इन दोनों क्षेत्र का कार्यभार कितनी कुशलता से संभाल पाती हैं और सरकार इस समस्या का समाधान कब तक निकालती है।

## तेजस ने किया अनाज, किराना सामान किया वितरण

**कामठी.**



तेजस बहुउद्देशीय संस्था द्वारा पिछले 5 वर्षों से चलाए जा रहे हर महीने जरूरतमंदों को अनाज व किराना सामान वितरण अभियान के तहत इस महीने भी जरूरतमंदों को शुक्रवार को प्रति परिवार को 10 किलो गेहूं, 10 किलो चावल तथा किराना सामान जयभीम चौक,भाजी मंडी, कुंभारे कॉलोनी, कादर झंडा मस्जिद के पीछे, छोटी अजनी, कन्हान सत्रापुर में वितरण किया गया।

इस अभियान में मदद करने वालों में कामठी छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष महेंद्र भूटानी, विदर्भ वादी ने सी.ए. सुनील चोखारे, सी.ए. शिल्पी टिबड़ीवाल, तिवारी गैस एजंसी के संचालक व रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य जयप्रकाश उर्फ बबलु तिवारी, समाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र उर्फ मोंटू भुटानी, राजू अग्रवाल जी. डी., महाराष्ट्र कपड़ा केंद्र कामठी के संचालक मनोज बतरा, उपजिला रुग्णालय कामठी की अधीक्षक डॉ. नयना दुफारे, सामाजसेविका रजनी पिल्ले, पुलिस हवलदार पदम वर्मा आदि गणमान्यों का समावेश रहता है।

जरूरतमंदों को अनाज, किराना वितरण करते समय संस्था अध्यक्ष चंद्रशेखर अरगुलेवार , उपाध्यक्ष देवीदास पेटारे, मार्गदर्शक एम.ए. जब्बार, सदस्य अर्जुन उपासे प्रमुखता से उपस्थित थे।

## शिक्षकों को सकारात्मक भावना से विद्यादान करना चाहिए: रीना नाथ

**कामठी.**

शिक्षकों को सकारात्मक भावना के साथ विद्यादान करने की आवश्यकता पर बल देते हुए सुहाना फाउंडेशन, कामठी की संचालिका रीना नाथ ने शिक्षकों को प्रेरित किया। वे सफर प्री-प्राइमरी स्कूल, कल्पतरु कॉलोनी, कामठी में आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में मार्गदर्शन कर रही थीं।

कार्यक्रम की शुरुआत रीना नाथ के हाथों दीप प्रज्वलन और सरस्वती माता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर सुषमा राखड़े, रेणू उंबरे, अलका चौरे, दीपाली पेकडे, पल्लवी महल्ले, वनिता नायडू, कमला ठाकरे, पायल मेहरोलिया, दिव्या शर्मा, मीनाक्षी शर्मा, अर्चना चौधरी, अश्विनी सोनटक्के सहित कई शिक्षकगण उपस्थित थे।

शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विशेषज्ञ मार्गदर्शकों द्वारा शिक्षण प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इस कार्यक्रम का संचालन रेणू उंबरे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन दिव्या शर्मा ने किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे और उन्होंने इस प्रशिक्षण से शिक्षण कार्य में नए विचारों और सकारात्मकता को अपनाने का संकल्प लिया।



## नागपुर के ऐतिहासिक कुएं का नीरी ने किया निरीक्षण

**नागपुर.**



दपूम रेलवे नागपुर मंडल अंतर्गत मोतीबाग स्टेडियम के पास बना ऐतिहासिक कुआं अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। जबकि इस कुएं में लबालब पानी है, जिसे उपयोग में लाया जा सकता है। ऐसे में डीआएम दीपक कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों के साथ मोतीबाग रेलवे कॉलोनी का निरीक्षण कर यहां उपलब्ध जल आपूर्ति स्त्रोतों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। निर्देशानुसार बेलीशॉप रेलवे कॉलोनी, मोतीबाग स्टेडियम के पास स्थित वर्षों पुराने परित्यक्त कुएं के पुनरुद्धार के लिए ठोस कदम उठाते हुए हाल ही में नागपुर मंडल एवं नीरी (नेशनल एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट) के वैज्ञानिक की संयुक्त टीम के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुएं का जलस्तर 40-50 फीट गहरा पाया गया। नीरी द्वारा जल की गुणवत्ता की जांच की जाएगी जिसमें इसकी उपयोगिता संबंधी रिपोर्ट के आधार पर रेलवे प्रशासन द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कुएं की सफाई की जाएगी एवं जल निकासी (डिबाटरिंग) कर जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। मंडल द्वारा एक व्यापक कार्य योजना तैयार की है जिसके अंतर्गत इस कुंए में वर्षों से जमा गाद को हटाना, सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक सिविल कार्य, उचित शुद्धिकरण प्रक्रिया, जल निकासी हेतु पंपों की व्यवस्था आदि शामिल है।

## मुंबई में दबोचा गया बांग्लादेशी, नागपुर हिंसा कनेक्शन की जांच



**नागपुर.** नागपुर में हुई हिंसा में बांग्लादेशी घुसपैठियों का हाथ होने की जांच मुंबई क्राइम ब्रांच ने शुरू कर दी है। बुधवार रात दादर रेलवे स्टेशन से पुलिस ने अजीजुल रहमान नामक बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया था, यह पहले नागपुर के मोमिनपुरा इलाके में रहता था, इसके बाद वह पुणे चला गया था। इसके बारे में मुंबई पुलिस को खुफिया जानकारियां मिली थीं। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। पुलिस इस बांग्लादेशी घुसपैठिये से पूछताछ कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, नागपुर दंगों के बाद वहां रहने वाले कई बांग्लादेशी भाग खड़े हुए हैं। इस इनपुट के बाद मुंबई क्राइम ब्रांच गिरफ्तार आरोपी की नागपुर हिंसा में भूमिका की जांच कर रही है। हालांकि नागपुर हिंसा प्रकरण में फहीम खान, इंजीनियर हमीद सहित अब तक 112 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। नागपुर में 13 एफआईआर दर्ज की जा चुकी है।

जिसमें 4 साइबर पुलिस थाने में दर्ज किए गए हैं। साइबर पुलिस थाने में दर्ज आईटी एक्ट और देशद्रोह के मामले में पुलिस जल्द ही फहीम खान को प्रॉडक्शन वारंट पर गिरफ्तार करने वाली है। यह नागपुर के सेंट्रल जेल में बंद है। क्राइम ब्रांच सूत्रों के मुताबिक, दादर रेलवे स्टेशन से पकड़े गए अजीजुल रहमान के बारे में उन्हें जानकारी मिली थी। यह नागपुर से पुणे होते हुए मुंबई पहुंचा था। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने जाल बिछाया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गुरुवार को अदालत में पेश किया गया। जहां उसे दो दिन के लिए पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

# रामगढ़ की पहाड़ियों सहित अन्य क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए सीसीटी निर्माण की मांग

**जलयुक्त शिवार अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित विभागों से पहल की अपील**

**कोंढाली.**



नागपुर जिले की काटोल तहसील के अंतर्गत कोंढाली से 5 किलोमीटर दक्षिण में स्थित रामगढ़ की पहाड़ियों में बहने वाले पानी को नियंत्रित करने और जल संरक्षण के लिए सीसीटी (कंटूर ट्रेंचिंग) निर्माण की मांग की जा रही है। इसके अलावा, कोंढाली, काटोल, नरखेड़ और कलमेश्वर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पहाड़ियों, नदियों और जल स्रोतों को विकसित करने के लिए वन, राजस्व, पंचायत समिति, कृषि और जलसंपदा विभागों द्वारा व्यापक स्तर पर निर्माण कार्य किए जाने की आवश्यकता जताई गई है।

सामाजिक कार्यकर्ता दुर्गा प्रसाद पांडे, मासोद की सरपंच रंजू प्रकाश बारंगे, सरपंच गोविंद राव परतेती, प्रकाश बारंगे, राजू धारपूरे, राहुल डोंगरे, कामठी के राजू किनेकर, चिखली के सरपंच राजकुमार चोपड़े, हरिदास चोपड़े, सुनील धोटे और कौंसिल फॉर ह्यूमन राइट्स के तहसील अध्यक्ष बबलू बिसेन, अंसार बेग, प्रवीण गोडबोले और पवन पेंदाम ने इस संबंध में मांग उठाई है।

संबंधितों के अनुसार, रामगढ़ की पूर्वी और पश्चिमी पहाड़ियों पर सीसीटी निर्माण से बारिश के पानी को पहाड़ी से नीचे बहने से रोका जा सकता है। वन विभाग के सहयोग से जलग्रहण क्षेत्र में पर्वतीय ढलान से तेजी से बहने वाले पानी को समतल खाइयों में रोकने की व्यवस्था की जा सकती है। इससे न केवल किसानों के कुओं और बोरवेलों में जलस्तर में वृद्धि होगी, बल्कि क्षेत्र की जाम नदी, उसकी सहायक नदियों और नालों की गहराई और चौड़ाई भी बढ़ाई जा सकेगी।

**जलयुक्त शिवार अभियान के तहत हो जल संरक्षण कार्य**

संबंधित सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जलयुक्त शिवार अभियान के तहत इस क्षेत्र में जल संरक्षण के प्रयास किए जाएं। इससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और उनके खेतों में पानी की उपलब्धता बढ़ेगी। इसके अलावा, पर्यावरण संरक्षण और जल प्रबंधन की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। सरकार और संबंधित विभागों से जल्द से जल्द इस मांग पर कार्रवाई करने की अपील की गई है ताकि इस क्षेत्र में जल संकट को कम किया जा सके और किसानों को राहत मिल सके।

# अब तोतलाडोह में अवैध मछुआरों को पकड़ने नौसेना की लेंगे मदद

**नागपुर.**



जिले के तोतलाडोह क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध मछली पकड़ने का काम होता है। इस अवैध गतिविधि को रोकने के दौरान वन विभाग की टीमों पर बम हमले भी किए गए हैं। मछुआरे इतनी हिम्मत दिखा रहे हैं कि वे अपनी नावों को पूरे दिन तालाब में छुपाकर रखते हैं और रात में उन्हें बाहर निकालते हैं। इन सभी पर रोकथाम के लिए क्या किसी सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारी से वन विभाग की टीमों को प्रशिक्षण दिलाया जा सकता है? इस बारे में वन विभाग विचार कर रहा है, ऐसी जानकारी गुरुवार को बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर खंडपीठ में दी गई।

उमरेड-करांडला अभयारण्य में पर्यटकों ने एफ-2 बाघिन और उसके पांच शावकों का रास्ता रोका था। इस पर नागपुर खंडपीठ ने गंभीरता से स्व: संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका दायर की और एड. सुधीर वोडीतेल को न्यायालय मित्र के रूप में नियुक्त किया। याचिका पर गुरुवार को न्या. नितीन सांबरे और न्या. वृषाली जोशी के समक्ष सुनवाई हुई। हाल ही में तोतलाडोह में वन विभाग की टीम पर बम हमला हुआ था। इस मामले में न्यायालय ने पूछा था कि इस हमले पर क्या कार्रवाई की गई और क्या उपाय किए गए। इसका जवाब देते हुए मुख्य सरकारी वकील तथा वरिष्ठ विधिज्ञ देवेन चौहान ने बताया कि वन विभाग सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारियों की मदद लेकर अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने की योजना बना रहा है। इसके अलावा, बम हमले में वन विभाग की नाव जल गई थी, और अब तक नई नाव नहीं मिली है। इसे जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। तब तक गश्त के लिए किराए पर नाव उपलब्ध हो सकती है या नहीं, इस पर भी विचार किया जा रहा है, ऐसा भी चौहान ने न्यायालय को बताया।

सुनवाई के दौरान एड. सुधीर वोडीतेल ने संरक्षित वन क्षेत्रों में अवैध शिकार, अवैध मछली पकड़ने, रेत, मुरुम के अवैध उत्खनन, पेड़ों की कटाई को रोकने के लिए विभिन्न सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि जंगल में रहने वाले आदिवासियों को दूर रखने के बजाय उन्हें अपना सहयोगी बनाया जाए। उनसे ही गुप्त जानकारी मिल सकती है। इसके अलावा, संरक्षण के हर क्षेत्र में वन विभाग की मौजूदगी संभव नहीं है, इसलिए आदिवासियों को इस प्रयास में शामिल करना ही होगा। वन विभाग को इस विषय पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, ऐसी सलाह वोडीतेल ने दी है। वन विभाग इस पर गंभीरता से विचार कर रहा है और इसी विषय पर विभाग के मुख्य सचिव ने शुक्रवार 28 मार्च को एक बैठक बुलाई है, ऐसा चौहान ने न्यायालय को बताया।

CMYK

# सांसद अमर काले ने केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह से की मुलाकात

## > 10 गांवों पर लगे प्रतिबंध हटाने की मांग

**वर्धा.**

वर्धा लोकसभा क्षेत्र के पुलगांव स्थित केंद्रीय गोलाबारुद भंडार के पास बसे 10 गांवों पर लगे प्रतिबंधों को हटाने या उन्हें अन्य सुरक्षित स्थानों पर पुनर्वसित करने की मांग को लेकर सांसद अमर काले ने दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की।

गौरतलब है कि नाचणगांव, गुंजखेडा, लक्ष्मीनारायणपुर, आगरगांव, सोनेगांव (आबाजी), मूरदगांव, कापूर, कवठा (रेलवे), कवठा (झो) और नागरी सहित 10 गांवों में विकास कार्यों पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इन गांवों में कुएं खोदने, मकान निर्माण और अन्य बुनियादी विकास कार्यों की अनुमति नहीं है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर नागरिकों का एक प्रतिनिधिमंडल, जिसमें दिलीप अग्रवाल और अन्य ग्रामीण शामिल थे, सांसद अमर काले से मिला और अपनी समस्याएं साझा कीं। ग्रामीणों ने बताया कि प्रतिबंध के चलते वे अपने घरों का मरम्मत कार्य भी नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनका जीवन कठिन हो गया है। ग्रामीणों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए सांसद अमर काळे ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर इन गांवों से प्रतिबंध हटाने या फिर वहां के निवासियों को किसी सुरक्षित स्थान पर पुनर्वसित करने की मांग की। सांसद ने कहा कि इन गांवों के विकास पर लगे प्रतिबंधों के कारण स्थानीय लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं और सरकार को इस दिशा में जल्द से जल्द ठोस निर्णय लेना चाहिए।

रक्षा मंत्री ने सांसद अमर काळे की मांगों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि इस मुद्दे पर जल्द ही विचार किया जाएगा। अब देखना यह है कि सरकार इस समस्या का समाधान कब तक निकालती है।



### शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन

इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। अब ग्रामीणों को सरकार के अगले कदम का इंतजार है, जिससे उनकी सालों पुरानी समस्या का समाधान हो सके।

# नेहरू वार्ड एसबीआई एटीएम में धोखाधड़ी

## > बुजुर्ग से एटीएम बदलकर 61,600 रुपये उड़ाए

**हिंगनघाट.**

शहर के नेहरू वार्ड स्थित एसबीआई एटीएम में एक बुजुर्ग के साथ धोखाधड़ी कर उनके खाते से 61,600 रुपये उड़ा लिए गए। यह घटना 25 मार्च दोपहर 2 बजे की है, जब 64 वर्षीय संजय वाघ, निवासी यशवंतर वार्ड, एटीएम से पैसे निकालने पहुंचे थे।

जानकारी के अनुसार, एटीएम में पहले से मौजूद अज्ञात शख्स ने हातचाला कर उनका एटीएम कार्ड बदल लिया और फिर उसका इस्तेमाल कर 61,600 रुपये निकाल लिए। जब संजय वाघ को इस धोखाधड़ी का पता चला, तो उन्होंने तुरंत हिंगनघाट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने 26 मार्च को शाम 7:30 बजे मामला दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी है। 27 मार्च को मिली पुलिस की जानकारी के अनुसार, संजय वाघ के खाते से कुल 61,600 रुपये की निकासी की गई। पुलिस अब आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। बिना सतर्कता बरतने पर हो सकता है नुकसान यह घटना लोगों के लिए सतर्कता का संकेत है। अगर कोई भी अनजान व्यक्ति एटीएम में मदद करने की पेशकश करे या किसी भी तरह से हस्तक्षेप करे, तो सतर्क रहें। कार्ड बदलने या धोखाधड़ी से बचने के लिए एटीएम में लेन-देन के दौरान सावधानी बरतें और बैंक से तुरंत संपर्क करें।

हिंगनघाट पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है और लोगों से सतर्क रहने की अपील कर रही है।

# श्रीश्याम निशान यात्रा एवं संकीर्तन का भव्य आयोजन

**हिंगनघाट.**

शहर में श्रीश्याम निशान यात्रा एवं श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन श्रीमती चुनियाबाई राठी माहेश्वरी पंचायत भवन में संपन्न हुआ।

इस निशान यात्रा की शुरुआत कल रात कोचर वार्ड स्थित सीताराम भगवतीप्रसाद शर्मा के निवास स्थान से हुई। यात्रा संत तुकडोजी महाराज चौक और कारंजा चौक होते हुए चीनिया राठी माहेश्वरी पंचायत भवन पहुंची, जहां बाबा श्याम को निशान अर्पित किए गए। इस आयोजन में भजन संध्या और संकीर्तन अरदास का विशेष कार्यक्रम रखा गया, जिसमें प्रसिद्ध भजन प्रवाहक् कृष्ण शर्मा (शेगाव), अभिषेक शुक्ला (कानपुर) और पंकज उपाध्याय (नागपुर) ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के आयोजक सीताराम भगवतीप्रसाद शर्मा थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्याम भक्तों की उपस्थिति रही, जिन्होंने भक्ति रस में डूबकर भगवान श्याम का गुणगान किया।



# रामनगर वार्ड का वो इलाका जगमगा उठा

## > विक्की वाघमारे के प्रयासों से क्षेत्र हुआ उज्ज्वल

**हिंगनघाट.**

नगरपालिका सीमा के अंतर्गत रामनगर वार्ड के बुद्ध विहार के पीछे का इलाका कई वर्षों से उपेक्षित था। विस्थापितों द्वारा बसाए गए इस क्षेत्र में लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। अंधेरे का फायदा उठाकर यहां अवैध गतिविधियां बढ़ गई थीं, जिससे स्थानीय नागरिकों, खासकर महिलाओं और युवाओं को आने-जाने में भारी परेशानी होती थी।

इस स्थिति को देखकर वार्ड के युवा समाजसेवी विक्की वाघमारे ने क्षेत्र को रोशन करने का संकल्प लिया। उन्होंने ॲड. सुधीर कोठारी के मार्गदर्शन में महावितरण के अधिकारियों से संपर्क किया और बिजली के खंभे लगवाने का कार्य शुरू करवाया। हालांकि, कुछ समय बाद महावितरण ने बिना काम पूरा किए इसे रोक दिया। जब लंबे समय तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो विक्की वाघमारे ने दोबारा वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क कर काम को फिर से शुरू करने की मांग की। उनके अथक प्रयासों से महावितरण ने इस क्षेत्र में नए बिजली के तार और स्ट्रीट लाइट्स लगाने का कार्य शुरू किया। इस दौरान, रामनगर वार्ड की बिजली करीब डेढ़ घंटे तक बाधित रही, लेकिन अंततः काम पूरा हुआ और पूरा इलाका जगमगा उठा।

बिजली प्रवाह सुचारू रूप से शुरू होते ही क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली। विक्की वाघमारे ने नागरिकों की ओर से विद्युत विभाग के कर्मचारियों को धन्यवाद दिया और कहा कि यह क्षेत्र अब सुरक्षित और उज्ज्वल हो गया है, जिससे लोगों को राहत मिलेगी।



# हिंदू-मुस्लिम एकता बनाए रखने की जिम्मेदारी युवा पीढ़ी पर: किरण ठाकरे

**देवली.**

युवा संघर्ष मोर्चा द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मुस्लिम भाई उपस्थित रहे। युवा संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने रमजान माह की शुभकामनाएँ देते हुए समाज में सद्भावना बनाए रखने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किरण ठाकरे ने अपने संबोधन में कहा कि देवली शहर में वर्षों से हिंदू, मुस्लिम, बौद्ध, जैन सहित सभी समाजों ने आपसी एकता और भाईचारा कायम रखा है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हिंदू-मुस्लिम क्रांतिकारियों ने कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया था। पूर्वजों ने धार्मिक सौहार्द और सामाजिक एकता की जो नींव रखी, उसे नई पीढ़ी को आगे बढ़ाना चाहिए। युवाओं को अपने संस्कार और संस्कृति के मूल्यों को अपनाते हुए एकता का संदेश देना होगा।इस अवसर पर जामा मस्जिद और मस्जिद-ए-मोहम्मदिया के इमाम साहब ने भी उपस्थित लोगों को मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का शाल और गुलदस्ता देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समापन अल्पाहार वितरण के साथ हुआ।

इस इफ्तार पार्टी में जामा मस्जिद और मस्जिद-ए-मोहम्मदिया के इमाम साहब, मो. शफी भाई, हबीब खाँ पठान, हाजी जब्बार तंवर भाई, अयूब अली पटेल साहब, सत्तार भाई, हाजी हमीद भाई, विकास पाखरे, प्रवीण कात्रे, गौतम पोपटकर, संदीप दिघीकर, गौरव खोपाळ, मनीष पेटकर, मंगेश वानखेडे, सूरज रॉय, प्रवीण तराळे सहित युवा संघर्ष मोर्चा के सभी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे।



# भंडारा जिले की खैरी वलमाझरी बनी 'स्मार्ट' ग्राम पंचायत

## > मिला 50 लाख रुपये का पुरस्कार

**भंडारा.**

खैरी वलमाझरी समूह ग्राम पंचायत ने वर्ष 2023-24 के लिए आर आर पाटिल सुंदर गांव पुरस्कार योजना के तहत जिला स्मार्ट ग्राम पंचायत का खिताब जीता है। सरपंच पुरुषोत्तम रुखमोड़े के कुशल नेतृत्व में मिली इस सफलता के कारण साकोली तहसील के खैरी वलमाझरी ग्राम पंचायत को 50 लाख लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया है। इस तहसील में स्मार्ट ग्राम पंचायत का हाल ही में जिला स्तरीय समिति द्वारा निरीक्षण किया गया था और सभी मानदंड पूरे पाए जाने पर खैरी और वलमाझरी को सर्वोच्च अंकों के साथ 'जिले में स्मार्ट' घोषित किया गया।

इसमें गांव के सुंदर रंगीन भित्ति चित्र प्रदर्शित किए गए हैं। पूरा गांव हर रविवार को साफ-सफाई करता है। इसके अलावा गांव को प्लास्टिक मुक्त भी बनाया गया है। इस गांव में ग्राम पंचायत द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसी कई पहल की गई हैं। इस गांव की आबादी 2,442 है और इस गांव का नाम जिले में प्रसिद्ध हो गया है और ग्रामीणों में इस दौरव को लेकर खुशी दिखाई दे रही है।




# राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गौरव सत्कार समारोह संपन्न

**हिंगनघाट.**

दुनिया में क्षयरोग (टीबी) के बढ़ते मामलों को देखते हुए वैश्विक स्तर पर चिंता का माहौल है। इस बीमारी को पूरी तरह समाप्त करने के उद्देश्य से भारत सरकार और केंद्रीय क्षयरोग विभाग द्वारा विभिन्न पहल चलाई जा रही हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत गौरव सत्कार समारोह का आयोजन दिनांक 26 मार्च 2025 को शेरावाली सभागृह में किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी मा. राज पराडकर ने की, जबकि प्रमुख अतिथि के रूप में गट विकास अधिकारी रोहित शिंदे, प्रशासकीय अधिकारी सन्मानीय उगेमूगे मैडम, जिला क्षयरोग अधिकारी हेमंत पाटील, तालुका स्वास्थ्य अधिकारी प्रभाकर नाईक, तथा उप-जिला अस्पताल की वैद्यकीय अधीक्षक डॉ. प्रविना मिसार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी राज पराडकर ने क्षयरोग के इलाज, इसकी संपूर्ण रोकथाम और समाज को इस बीमारी से बचाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इसे राष्ट्रीय कर्तव्य बताते हुए जागरूकता और इलाज के प्रति सतर्क रहने की अपील की। इस अवसर पर तालुका स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर नाईक ने राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। वहीं, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक मनोज वरभे और पुरुषोत्तम नांदूरकर ने कार्यक्रम की विशेषताओं पर प्रकाश डाला।

टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के मानक पूर्ण करने वाले 27 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, प्रशासक, वैद्यकीय अधिकारी, सामुदायिक अधिकारी, स्वास्थ्य सहायक, आरोग्य सेवक, आरोग्य सेविका, गट प्रमुख और आशा स्वयंसेविकाओं को महात्मा गांधी स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिन खंदार ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन पूनम भुसारी ने किया।

कार्यक्रम की सफलता में मनोज वरभे, पुरुषोत्तम नांदूरकर, बहादे, कदम, कु. पदमा खरसान मैडम, नितेश पंचवटे, निखिल हेडाऊ, रितेश कांबले, उमेश मेश्राम, विनोद भगत, प्रशांत जंगठे, पंकज निमसडकर, हितेंद्र गुरुग सहित कई अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।




# अकोला-मूर्तिजापुर मार्ग पर तेज रफ्तार वाहन ने मारी व्यक्ति को टक्कर

## > हुई मौके पर ही मौत, चालक हुआ फरार

**अकोला.**

अकोला-मूर्तिजापुर मार्ग पर डोंगरगांव दोराहे के पास अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई. यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना कल शाम को घटी. मृतक का नाम प्रशांत अनासाने है. प्रशांत अनासाने अकोला ओल्ड टाउन के रहने वाले थे. फिलहाल मुंबई में रह रहे थे. वह कुछ दिनों के लिए अपने रिश्तेदारों से मिलने डोंगरगांव आए थे। प्रशांत अनासाने डोंगरगांव फाटा के पास सड़क पार कर रहे थे तभी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें उड़ा दिया। हादसा इतना भीषण था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वाहन की गति इतनी थी कि टक्कर के बाद प्रशांत कुछ दूर जा गिरे। मौके पर मौजूद कुछ नागरिकों ने तुरंत उसकी मदद करने की कोशिश की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी.

इस हादसे की जानकारी मिलते ही बोरगांव मंजू पुलिस स्टेशन के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे. उन्होंने शव को पोस्टमार्टम के लिए अकोला के जिला सामान्य अस्पताल भेज दिया.

फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है. इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है. हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया और पुलिस उसकी तलाश कर रही है.



# वर्धा-हिंगनघाट राजमार्ग का सांसद अमर काले ने किया निरीक्षण

**वर्धा.**

वर्धा-हिंगनघाट राजमार्ग का निर्माण कार्य लगभग दो से तीन साल पहले पूरा हो चुका था, लेकिन अब यह मार्ग कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया है। सड़क पर गड्ढे और बड़ी दरारें पड़ने के कारण दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ रही है।

क्षेत्र के नागरिकों ने इस समस्या को लेकर सांसद अमर काले को शिकायतें दी थीं। नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सांसद अमर काले ने स्वयं सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि महज दो वर्षों में ही सड़क की हालत खराब हो गई है।

सांसद अमर काले ने सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गहरी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों से इस मामले में जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सड़क की मरम्मत नहीं होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और प्रशासन को इस दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

स्थानीय नागरिकों ने सांसद के निरीक्षण और उनकी तत्परता की सराहना की और उम्मीद जताई कि जल्द ही इस समस्या का समाधान निकलेगा।



# बोलेरो पिकअप वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

**यवतमाल.** यवतमाल-घाटंजी मार्ग पर सावरगड के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान लोणी घाटाना निवासी विशाल दशरथ घोटेकर (28) के रूप में हुई है। वहीं, घायल व्यक्ति हनुमान महादेव चाफोडे (29) और एक महिला का इलाज यवतमाल के सरकारी अस्पताल में जारी है।

बोलेरो पिकअप यवतमाल की ओर तेज रफ्तार में जा रही थी, जबकि मृतक और घायल व्यक्ति सावरगड की ओर से यवतमाल आ रहे थे। जब वे सावरगड स्थित दरगाह के पास पहुंचे, तब बोलेरो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में विशाल की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत गंभीर रूप से घायल महिला और हनुमान को शासकीय अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही यवतमाल ग्रामीण पुलिस स्टेशन के ठाणेदार कावरे, रंजीत जाधव, संकेत बोबचे और नीरज पातुरकर ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दो लोग घायल

**समुद्रपुर.**

समुद्रपुर तालुका के जाम-समुद्रपुर रोड पर स्थित प्लास्टिक कंपनी के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद दोनों घायलों को तुरंत इलाज के लिए सेवाग्राम अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना 28 मार्च को दोपहर करीब 12 बजे हुई। गिराड निवासी नामदेव बापूराव कापसे (उम्र 62 वर्ष) अपनी बाइक पर सवार होकर नंदा तुकाराम कुमरे को पीछे बैठाकर जाम से समुद्रपुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे प्लास्टिक कंपनी के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तुरंत उन्हें समुद्रपुर के ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें सेवाग्राम अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद ट्रक चालक गुलाब गोरख पाटिल, जो कि पचोड़ा, जिला जलगांव के निवासी हैं, ट्रक लेकर मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के तुरंत बाद ट्रक चालक बिना रुके तेज रफ्तार में वहां से निकल गया।

घटना की सूचना मिलते ही समुद्रपुर पुलिस स्टेशन के पुलिसकर्मी जयपाल सूर्यवंशी और कृपाकल नरूले ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। उन्होंने ट्रक का पीछा करते हुए उसे गिराड क्षेत्र में रोक लिया और चालक को हिरासत में ले लिया। इसके बाद ट्रक को जब्त कर लिया गया और आरोपी चालक को पुलिस स्टेशन लाया गया।

इस सड़क दुर्घटना के सिलसिले में ट्रक चालक गुलाब गोरख पाटिल के खिलाफ समुद्रपुर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है। थानेदार रवींद्र रेवतकर के मार्गदर्शन में पुलिस आगे की जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हादसा लापरवाही से हुआ या चालक नशे में था।



### अक्सर होते हैं ऐसे हादसे

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, जाम-समुद्रपुर रोड पर वाहनों की तेज रफ्तार के कारण अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। खासकर भारी वाहनों की लापरवाही और रफ्तार पर कोई नियंत्रण नहीं होने के कारण ऐसे हादसे बढ़ रहे हैं। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर ट्रैफिक नियंत्रण के लिए कड़े कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्ञानदीप विद्यानिकेतन से नवोदय विद्यालय के लिए चयनित हुआ छात्र

**हिंगनघाट.**

बहुउद्देशीय शिक्षा विकास संस्था द्वारा संचालित ज्ञानदीप विद्यानिकेतन के छात्र अथर्व देवानंद आंबुलकर ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। अथर्व का चयन नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं के लिए हुआ है, जिससे विद्यालय की सफलता की परंपरा इस वर्ष भी कायम रही।

अथर्व ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के संस्थापक गिरधर राठी, प्राचार्य अभिनव जायसवाल, नवोदय परीक्षा के मार्गदर्शक शिक्षकों और अपने माता-पिता को दिया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से यह सफलता प्राप्त हुई है।

विद्यालय के संस्थापक गिरधर राठी, प्राचार्य अभिनव जायसवाल, कोषाध्यक्ष रशेश राठी, विद्यालय अध्यक्षा अपर्णा राठी, सचिव प्रवीण धोबे, एवं नवोदय परीक्षा की तैयारी में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों ने अथर्व को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने ज्ञानदीप विद्यानिकेतन की सफलता की परंपरा को बनाए रखने का संकल्प भी व्यक्त किया।





# आरसीबी ने 17 साल बाद भेदा चेपॉक का किला...



**चेन्नई.**

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच नंबर-9 में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हुआ. चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) में खेले गए इस मुकाबले में आरसीबी ने 50 रनों से शानदार जीत हासिल की. आरसीबी ने 17 साल बाद चेन्नई सुपर किंग्स को उसके होमग्राउंड चेपॉक में हराया है. आरसीबी ने इससे पहले आईपीएल के पहले सीजन (2008) में इस मैदान पर सीएसके को पराजित किया था. चेन्नई ने अपने पहले मुकाबले में मुंबई इंडियंस को चार विकेट से हराया था. दूसरी तरफ आरसीबी ने उद्घाटन मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को सात विकेट से पराजित किया था. टारगेट का पीछा करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही. सीएसके ने पावरप्ले में तीन



विकेट खो दिए. पहले जोश हेजलवुड ने दूसरे ओवर में दो विकेट लिए. उस ओवर में हेजलवुड ने राहुल त्रिपाठी (5) और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (0) को अपना शिकार बनाया.

फिर भुवनेश्वर कुमार ने दीपक हुड्डा (4) को चलता कर दिया. सैम करन भी आठ रन बनाकर लियाम लिविंगस्टोन की बॉल पर आउट हो गए, जिससे सीएसके का स्कोर चार विकेट पर 52 रन हो गया. इसके बाद यश दयाल ने सीएसके को दो तगड़े झटके दिए. दयाल ने पहले सेट हो चुके बल्लेबाज रचिन रवींद्र को बोल्ड किया. फिर उन्होंने 'इम्पैक्ट सब' शिवम दुबे की गिल्लियां उड़ा दीं. रवींद्र ने 5 चौके की मदद से सबसे ज्यादा 31 बॉल पर 41 रन बनाए. वहीं शिवम ने दो चौके और एक सिक्स की मदद से 19 रनों की पारी खेली. शिवम के बाद सीएसके ने आर. अश्विन का विकेट गंवाया, जो लियाम लिविंगस्टोन की बॉल पर चलते बने. विराट कोहली इस मैच में लय में नहीं दिखे और 30 बॉल पर 31 रन बनाए, जिसमें दो चौके के अलावा एक सिक्स शामिल था.

कोहली को नूर अहमद ने रचिन रवींद्र के हाथों कैच आउट कराया. कोहली के बाद लियाम लिविंगस्टोन (10) भी सस्ते में निपट गए. लिविंगस्टोन को नूर ने बोल्ड किया. जितेश शर्मा भी 12 रन बनाकर खलील का शिकार बने. विकेटों के पतझड़ के बीच कप्तान रजत पाटीदार ने 30 बॉल पर फिफ्टी जड़ी. रजत पाटीदार 32 गेंदों पर 51 रन बनाकर आउट हुए. इस दौरान उन्होंने 4 चौके और तीन छक्के लगाए. पाटीदार को मथीशा पथिराना ने चलता किया, जिन्होंने 19वें ओवर में क्रुणाल पंड्या (0) को भी आउट किया. पारी के आखिरी ओवर में टिम डेविड (22*) ने सैम करन की गेंदों पर तीन छक्के लगाकर आरसीबी को 200 के करीब पहुंचाया. सीएसके की ओर से नूर अहमद ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए. वहीं मथीशा पथिराना को दो सफलताएं हासिल हुईं. आर. अश्विन और खलील अहमद को भी एक-एक विकेट हासिल हुआ. इस मुकाबले के लिए चेन्नई सुपर किंग्स की टीम में बेबी मलिंगा के नाम से मशहूर श्रीलंकाई गेंदबाज मथीशा पथिराना की वापसी हुई. वहीं आरसीबी की टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार (भुवी) का कमबैक हुआ. दोनों ही गेंदबाज इंजरी के चलते अपनी-अपनी टीम के पहले मैच से बाहर रहे थे. देवदत्त पडिक्कल (27) ने भी कुछ शानदार शॉट्स खेले, लेकिन अनुभवी आर. अश्विन ने उनकी पारी का अंत कर दिया.

## पाटीदार ने जड़ी फिफ्टी, नूर की घातक गेंदबाजी

मुकाबले में आरसीबी ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए सात विकेट पर 196 रन बनाए. आरसीबी को इंग्लिश बल्लेबाज फिल साल्ट ने तूफानी शुरुआत दिलाई. साल्ट ने विराट कोहली के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 45 रन जोड़े. साल्ट का विकेट नूर अहमद ने लिया, जिन्होंने इस बल्लेबाज को विकेटकीपर महेंद्र सिंह धोनी के हाथों स्टम्प आउट कराया. साल्ट ने 5 चौके और एक सिक्स की मदद से 16 बॉल पर 32 रन बनाए.



# नेल्सन अस्पताल ने 22 दिन के शिशु को ठीक किया

## अंधविश्वास और हृदय रोग पर पाया काबू

**नागपुर.**

अमरावती जिले के चिखलदरा तहसील के सिमुरी गांव में एक नवजात शिशु के साथ चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जब उसे आदिवासी पद्धति के तहत जलती लोहे की छड़ से दागा गया। 22 दिन के इस बच्चे के पेट पर 65 से अधिक जलने के निशान थे। बच्चे को शुरुआत में हातूर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, फिर उसे अचलपुर उपजिला अस्पताल और अंत में अमरावती के जिला महिला अस्पताल रेफर किया गया। माता-पिता के अनुसार, बच्चे का जन्म 3 फरवरी को हुआ था, और 5 फरवरी को उसे छुट्टी दी गई थी। बाद में बच्चे को सांस लेने में तकलीफ होने लगी, तो माता-पिता ने आदिवासी पद्धति के घरेलू उपाय अपनाए, जिसमें बच्चे के पेट पर गर्म लोहे की छड़ से दागने की प्रथा शामिल थी। चिकित्सा दल इस मामले को देखकर हैरान रह गया।बाद में बच्चे को अमरावती के महिला अस्पताल के नवजात शिशु आईसीयू में स्थानांतरित कर दिया गया। वहां बच्चे को सांस लेने में कठिनाई हो रही थी और बच्चे की हालत बहुत गंभीर थी। वहां डॉक्टर को संदेह था कि बच्चे को हृदय रोग है और चूंकि अस्पताल में कुछ सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं, इसलिए बच्चे को आगे के इलाज और सर्जरी के लिए उच्च केंद्र में स्थानांतरित करना पड़ा।

ग्रामीण एसपी विशाल आनंद और अमरावती जिले के संरक्षक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले की त्वरित कार्रवाई के साथ, एक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया और बच्चे को स्थानांतरित कर दिया गया। 27 फरवरी 2025 को मध्य रात्रि 1.10 बजे नागपुर के नेल्सन अस्पताल में ले जाया गया और नवजात शिशु के आईसीयू में भर्ती कराया गया।

भर्ती के समय बच्चे की हालत बहुत गंभीर थी और मेडिकल टीम के लिए बच्चे को स्थिर करना एक बड़ी चुनौती थी। नेल्सन अस्पताल में एक



इको किया गया, जिसमें टीजीए के निदान की पुष्टि हुई - सबसे जटिल जन्मजात हृदय रोग में से एक।

जब तक ऑपरेशन नहीं किया जाता है, ये बच्चे कुछ महीनों से अधिक जीवित नहीं रहते हैं और सर्जरी बहुत जटिल होती है (5000/ जीवित जन्मों में से 1)। ऐसे शिशुओं के प्रबंधन के लिए एक टीम के दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। कार्डियक सर्जरी करने के लिए बच्चे को स्थिर स्थिति में लाने में लगभग 10 दिन लगे।

बाद में जब बच्चा ऑपरेशन के लिए फिट हो गया तो डॉ. सचिन कुथे और उनकी टीम ने डॉ. विनय कुलकर्णी, डॉ. सतीश देवपुजारी, डॉ. नीलेश दरवेकर, डॉ. सुचिता खडसे, डॉ. यश बनैत, डॉ. अनुपम बाहे, डॉ. निकिता लालवानी, डॉ. पीयूष मालोकर, नेल्सन अस्पताल की टीम के साथ मिलकर कार्डियक सर्जरी सफलतापूर्वक की। फिर बच्चे को एनआईसीयू में स्थानांतरित कर दिया गया और बच्चे को सामान्य स्थिति में आने में 10 दिन से अधिक का समय लगा और उसे निजी कमरे में स्थानांतरित कर दिया गया। अब बच्चा पूरी तरह से ठीक हो गया है और हम उसे छुट्टी देने की योजना बना रहे हैं।

नेल्सन के डॉक्टरों की टीम, नर्सिंग टीम और कर्मचारी इस नवजात बच्चे को बचाने के लिए पूरे समर्पण के साथ दिन-रात अथक परिश्रम कर रहे थे। चंद्रशेखर बावनकुले बच्चे की स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहे थे। नेल्सन अस्पताल के प्रबंधन राधा साहू निदेशक, गणेश खरोड़े वित्त निदेशक, डॉ. सोनल कुमार भगत केंद्र प्रमुख, डॉ. एस. पी. राजन ने 22 दिन के बच्चे को बचाने में इस सफलता को प्राप्त करने के लिए मेडिकल टीम को बहुत अच्छा सहयोग दिया।

# पेंटिंग के माध्यम से दिया वन एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**सौंसर.**



सौसर पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय सीएम राइज उत्कृष्ट उच्चतर विद्यालय सौसर के वसुंधरा इको क्लब के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को प्राचार्य शैलजा बत्रा एवं उपप्राचार्य संजय गवनेकर तथा ईको क्लब प्रभारी गणेश अडाऊ के मार्गदर्शन में वन एवं पर्यावरण संरक्षण थीम पर आधारित इस प्रतियोगिता में पेंटिंग के माध्यम से वन एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शाला प्राचार्य शैलजा बत्रा द्वारा अपने दैनिक जीवन में छात्र पर्यावरण को किस तरह से संरक्षित रख सकते हैं यह जानकारी दी गई तथा श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया । वन एवं पर्यावरण संरक्षण थीम पर आधारित इस प्रतियोगिता में 50 छात्र-छात्राओं ने अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदान कर पेंटिंग के माध्यम से वन संरक्षण का संदेश दिया।

पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन भोपाल, पर्यावरण विभाग मध्य प्रदेश शासन एवं वन एवं जलवायु मंत्रालय नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं के माध्यम से आम जन में वन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना है। इस अवसर पर प्रतियोगिता में प्रथम हितेश हिंगवे द्वितीय लतीका निखाडे तृतीय रौनक टेंभे छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त शेष छात्रों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक हितेश गनोरकर ,आलोक रजक, अनुराधा परिहार कल्पना मानकर एवं नलिनी खंडाईत आदि उपस्थित थे।

# नवयुवक स्कूल में वार्षिक विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न

**कामठी.**

नवयुवक उच्च प्राथमिक शाला गौतमनगर में शुक्रवार को वार्षिक सरस्वती पूजन तथा कक्षा 7वीं के विद्यार्थियों एवं समाजकार्य महाविद्यालय कामठी के क्षेत्रकार्य करने वाले विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर माता सरस्वती एवं क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा का पूजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्याध्यापक विजय नंदनवार थे, जबकि प्रमुख अतिथि के



रूप में संस्थाध्यक्ष सीतारामजी रडके, समाजकार्य महाविद्यालय कामठी के प्रो. आवेशखर्णी शेख, संस्था सदस्य अतुल ठाकरे एवं आरोही डिजिटल कॉन्व्हेंट की प्राचार्या मयुरी यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रास्ताविक भाषण एवं संचालन राजकुमार शेन्डे ने किया तथा आभार प्रदर्शन दिलीप मस्की ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राखी बागडे, दीक्षा फुले, विभा सोनडवले, निराशा डोंगरे, वैष्णवी शिंदे एवं प्रियंका लांजेवार ने सहयोग किया।

# नवरात्रि, ईद, रामनवमी को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन

## एसीपी क्षीरसागर ने दिया भाईचारे का संदेश, पुलिस रहेगी मुस्तैद

**कामठी.**

शहर के नवीन कामठी थाने में शुक्रवार को आगामी ईद, नवरात्रि, रामनवमी त्योहारों को लेकर एसीपी विशाल क्षीरसागर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई।

नवीन कामठी थाना प्रभारी महेश आंधले एवं जूना कामठी थाना प्रभारी प्रशांत जुमड़े की देखरेख में आयोजित बैठक में एसीपी विशाल क्षीरसागर ने भाईचारे का संदेश दिया।

एसीपी पाण्डेय ने कहा कि ये त्योहार पूजा-अर्चना के साथ प्रेम और सौहार्द का प्रतीक हैं। उन्होंने लोगों से आपसी मनमुटाव भुलाकर त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। एसीपी ने कहा कि विभिन्न जाति और धर्म के लोग साथ रहते हैं। किसी के साथ गलत व्यवहार नहीं होना चाहिए। त्योहारों को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि स्वच्छता को लेकर ध्यान रखेंगे। साथ ही प्रशासन सजग है।

उन्होंने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र में जगह-जगह पुलिस



तैनात रहेगी। उन्होंने लोगों से किसी भी अप्रिय घटना की आशंका पर तुरंत पुलिस को सूचित करने को कहा। उन्होंने बताया कि पर्व को पर्व की तरह मनाना चाहिए। इसमें आप लोगों की सहभागिता की जरूरत है। शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाए प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा।

बैठक में एपीआई राजकीरण येवले, नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष अहफाज अहमद ठेकेदार, तहरीक कमेटी अध्यक्ष इकबाल कुरैशी, अब्दुल्लाह शाह दरगाह कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद आबिद ताज़ी, सामाजिक कार्यकर्ता अनवारूल हक़ पटेल, ईरशाद अहमद, अरशद मेंबर, तौसीफ़ फैजी, रणाला गांव पुलिस पाटील विशाल लक्ष्मण आमधरे, येरखेड़ा गांव पुलिस पाटील उनमेश महिले पाटील, पुलिस खुफिया विभाग के अखिलेश राय ठाकुर, अंकित ठाकुर, सूचित गजभिए, शैलेश यादव एवं शांति समिति सदस्य समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# उमरेड के विधायक मेश्राम का 2 समितियों पर चयन



**उमरेड.** उमरेड विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय मेश्राम का महाराष्ट्र राज्य विधिमंडल के दो समितियों के सदस्य पद पर चयन किया गया है. इससे उमरेड विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों में हर्ष का माहौल है. नागपुर जिले से उमरेड विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय मेश्राम का महाराष्ट्र राज्य विधिमंडल के की पंचायत राज समिति और अनुसूचित जाति कल्याण समिति सदस्य पद पर नागपुर जिले से एकमात्र विधायक प्रतिनिधि के में चयन किया गया है. महाराष्ट्र राज्य विधिमंडले, पंचायत राज समिति में पूरे महाराष्ट्र राज्य से कुल 20 विधायकों का तथा अनुसूचित जाति कल्याण समिति में पूरे माहाराष्ट्र राज्य से कुल 11 विधायकों का चयन किया गया है. इन दोनों समितियों पर विधायक मेश्राम का चयन होने पर उमरेड विधानसभा क्षेत्र के सभी स्तर से उनको शुभकामनाएं दी जा रही हैं.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 445-3 | 246-2 |
| श्रीदेवी नाईट | 355-3 | 579-1 |

# मातोश्री योजना के तहत सड़क का भूमिपूजन

**उमरेड.**



नागपुर जिले के पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के प्रयास से उमरेड तहसील - के वेकोलि वायगांव घोटुर्ली ग्रामपंचायत ने राज्य सरकार की मातोश्री योजना के तहत 10 लाख रुपये -की लागत से 1 किलोमीटर की पांधन सड़क बनाई - जा रही है. इस पांधन सड़क का भूमिपूजन ग्रापं - सरपंच पंकज गायधने के हाथों किया गया. यह - पांधन सड़क उमरेड वेकोलि स्थित आमनदी से पूर्व - सरपंच दिलीप पटेल के खेत तक बनाई जा रही है. - भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्रापं सदस्य हर्षानंद भगत, इंजीनियर अपूर्वा गिरडकर, पूर्व नगरसेवक नयना झाडे, किसान बलवंत मोरघडे, राजन थंगापन, कोतवाल सोमेश्वर झोडे, रामकृष्ण जूनघरे की उपस्थिति थी. इस पांधन सड़क से किसानों को बारिश के दिनों में होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी.

# भिलापार में कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह संपन्न



**सौंसर.** सौसर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भिलापार में पांढुर्णा भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने जय बजरंग क्रीड़ा मंडल द्वारा आयोजित भव्य कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाडियों का उत्साह वर्धन किया और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। समारोह में जनपद पंचायत सौसर उपाध्यक्ष नारायण वाडोदे, सौसर नगर पालिका उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे, मोहगांव नगर परिषद अध्यक्ष संदीप दादु घाटोडे, अर्चना दुबे, शुभांगीताई नागपुरे, किशोर विरखेरे, नाना चौरे, विनोद बेटे, निलेश मुंसाडे, राहुल चौधरी, विशाल बन, जीवन पावनकार, अजय बनारस, अनुराग वीरखरे, सुधाकर चोरे, महेंद्र सरोदे, राजेश वीरखरे, गिरीश चौधरी, रोशन चोरे और विनोद बेटे भी उपस्थित थे।

